उत्तर प्रदेश सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वच्छता बुलेटिन

## स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, उत्तर प्रदेश



@nagarvikasup/ @SBMUrbanUp

स्वच्छ एवं स्वस्थ देश का जो स्वप्न राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने देखा था उसे साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है प्रदेश का नगर विकास विभाग। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर उनके जीवन स्तर में उन्नयन कर शहरों का समग्र विकास करना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल मार्गदर्शन में नगर विकास विभाग यह कार्य भली - भांति कर रहा है।



**श्री ए० के० शर्मा**
**माननीय नगर विकास मंत्री**

प्रदेश का मेरठ शहर पूरे देश के लिए उदाहरण बन चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी मेरठ द्वारा किए जा रहे "कबाड़ से जुगाड़" जैसे प्रयासों को सराहा है। प्रदेश में सबसे ज़्यादा अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है और कई निर्माणाधीन हैं, चौराहों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। इन सभी प्रयासों से ही शहरों का कायाकल्प हो रहा है। हमारे सफाई मित्र प्रातः 5 बजे से शहरों की तस्वीर बदलने के लिए तत्पर हैं तो वहीं जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी सदैव उपलब्ध हैं। संभव पोर्टल के माध्यम से हम जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। डेडीकेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर 1533 से जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो रहा है।

जनता के विश्वास और सहयोग से हम यहां तक पहुचे हैं और भविष्य के लिए भी हमारी यही कोशिश रहेगी कि जनता के साथ मिलकर हम एक स्वच्छ, स्वस्थ, समृद्ध और सुंदर प्रदेश बना सकें।



**श्री अमृत अभिजात**
**प्रमुख सचिव**

नगर विकास विभाग का ध्येय है स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ जनमानस और समृद्ध प्रदेश। विगत छः महीनों में विभाग ने अनेक ऐसे प्रयास किए हैं जिससे जनता और शासन के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सके। डेडीकेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर 1533 की स्थापना और सफल क्रियान्वयन हो या फिर संभव पोर्टल के माध्यम से माननीय मंत्री श्री ए० के० शर्मा जी का जनता से सीधा संवाद। प्रातः 5 बजे से स्वच्छता की शुरूआत हो या फिर रात्रि के समय में मुख्य बाज़ारों की सफाई, वर्चुअल मीटिंग्स हो या औचक निरीक्षण या फिर जनता को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराना हो, हर प्रयास के साथ विभाग जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है।

हमारे इन प्रयासों में हमें जनता का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है और भविष्य के लिए भी हमारी यही उम्मीद है कि जनता का साथ हमें मिलता रहेगा और प्रदेश और भी स्वच्छ बनता रहेगा।

मा‍ननीय मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में शहरों की छवि बदली है। प्रातः पांच बजे से हमारे सफाई मित्र स्वच्छ प्रदेश की तस्वीर बनाने में जुट जाते हैं और शाम तक सफाई का अभियान निरंतर चलता रहता है। आम जनमानस सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैन को लेकर जागरूक है, अपने घर के साथ-साथ शहर की स्वच्छता को लेकर भी सतर्क है। लोग सोर्स सैग्रीगेशन कर रहे हैं और ओडीएफ प्लस और वॉटर प्लस जैसे मानकों से भी परिचित हैं। यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।



**श्रीमती नेहा शर्मा**
**स्थानीय निकाय निदेशक**

योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे, उनकी समस्याओं का समाधान हो, जीवन स्तर उन्नयन हो यह सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। जिसमें हम निरंतर सफल हो भी रहे हैं और आने वाले समय में भी आपके साथ और सहयोग की अपेक्षा है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में उत्तर प्रदेश के विजेता

**स्वच्छ सर्वेक्षण का आयोजन वर्ष 2016 से किया जा रहा है। इसका लक्ष्य शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिकों की बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि अपने शहरों की स्वच्छता के लिए प्रदेश के नागरिक पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।**



'फास्ट मूविंग' बिग सिटी अवार्ड
मेरठ, उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय स्तर (बिग सिटी: 10-40 लाख जनसंख्या)



अवार्ड फॉर 'इनोवेशन & बेस्ट प्रैक्टिसेस'
कानपुर, उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय स्तर (बिग सिटी: 10-40 लाख जनसंख्या)



फास्टेस्ट मूवर मीडियम सिटी
मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
(मीडियम सिटी: 3-10 लाख जनसंख्या)



अवार्ड फॉर 'सेल्फ सस्टेनेबल सिटी'
नोएडा, उत्तर प्रदेश
(मीडियम सिटी: 3-10 लाख जनसंख्या)



अवार्ड फॉर 'इनोवेशन & बेस्ट प्रैक्टिसेस'
लखनऊ, उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय स्तर (राज्य की राजधानी/केंद्र शासित प्रदेश)



सिटीजन फीडबैक' के लिए पुरस्कार
गजरौला, उत्तर प्रदेश
उत्तर क्षेत्र (50,000-1 लाख जनसंख्या)



'इनोवेशन & बेस्ट प्रैक्टिसेस' के लिए पुरस्कार
गंगाघाट, उत्तर प्रदेश
उत्तर क्षेत्र (50,000-1 लाख जनसंख्या)



अवार्ड फॉर 'इनोवेशन & बेस्ट प्रैक्टिसेस'
चित्रकूट, उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय स्तर (15 000- 25000 जनसंख्या)



क्लीनेस्ट सिटी
इकदिल, उत्तर प्रदेश
नार्थ जोन अर्बन लोकल बॉडीज़ (15000 से कम आबादी)



अवार्ड फॉर सिटीजन फीडबैक
जैथरा, उत्तर प्रदेश



बेस्ट कैंटोनमेंट इन इनोवेशन
& बेस्ट प्रैक्टिसेस
लखनऊ कैंट बोर्ड



बेस्ट गंगा टाउन अवार्ड
बिजनौर, उत्तर प्रदेश
(1 लाख से कम आबादी)

सबसे स्वच्छ
शहर गाजियाबाद

# स्वच्छ अमृत महोत्सव

एक और कदम स्वच्छता की ओर

17 सितम्बर - 2 अक्टूबर

# 100000 km*

## स्वच्छता जनसंपर्क यात्रा

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, उत्तर प्रदेश

*Cumulative Distance Covered By All Riders





स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छ अमृत महोत्सव के अंतर्गत 29 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 के बीच स्वच्छता जनसंपर्क यात्रा उत्सव का आयोजन किया गया। स्वच्छता का संदेश जन-जन तक फैलाने के लिए 200 से ज्यादा बाइकर्स प्रदेश के 75 जिलों से होते हुए 100000 किलोमीटर की यात्रा तय कर 2 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचे। इस अवसर पर माननीय नगर विकास मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा जी ने बाइकर्स को ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया।

## इंडियन स्वच्छता लीग

स्वच्छ भारत मिशन - शहरी के अंतर्गत अंतर-नगरीय प्रतिस्पर्धा 'इंडियन स्वच्छता लीग' (आईएसएल) का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच किया गया। देश भर के 1850 से ज्यादा शहरों ने भाग लिया। इस इंडियन स्वच्छता लीग में उत्तर प्रदेश के शहरों ने नया कीर्तिमान गढ़ा। प्रदेश के **नगर निगम अलीगढ़, नगर निगम मेरठ** और **नगर निगम प्रयागराज** को विशेष पुरस्कार दिया गया है। इन नगर निकायों को कचरा मुक्त शहर बनाने की दिशा में जनभागीदारी से अभिनव प्रयोगों के लिए यह पुरस्कार दिए गए हैं

INDIAN SWACHHATA LEAGUE

A SWACHH BHARAT MISSION URBAN INITIATIVE

## टॉप इंपैक्ट क्रिएटर

नगर निगम मेरठ (10 लाख से ज्यादा की आबादी की कैटेगरी)

नगर निगम प्रयागराज (10 लाख से ज्यादा की आबादी की कैटेगरी)

नगर निगम अलीगढ़ (3 लाख से 10 लाख की आबादी की कैटेगरी)









# नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

Website : http//localbodies.up.nic.in

Toll Free No.: 1800 1800 101